THE CHRISTCHURCH FOUNDATION

The Christchurch Foundation
Level 3, BNZ Centre
101 Cashel Street, PO Box 17
Christchurch 8140, New Zealand

+64 27 620 3208
enquiries@christchurchfoundation.org.nz

हमारे लोग, हमारे शहर का फंड

पृष्ठभूमि

15 मार्च हम सब की यादों से जुड़ी है। क्राइस्टचर्च फाउंडेशन की स्थापना का एक प्राथमिक कारण था कि आपदा के समय प्रतिक्रिया दे सकें। किसी ने ऐसा नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी यह भूमिका निभाने के लिए फाउंडेशन को आगे आना होगा। हमलों के कुछ ही घंटों बाद मेयर और प्रधानमंत्री ने पीड़ितों के लिए उनकी ओर से हमें फंड इकट्ठा करने की कार्रवाई करने को कहा। हमारे लोग, हमारे शहर के फंड का शुभारंभ 16 मार्च को किया गया। विश्व भर के उदार लोगों, व्यवसायों और देशों के लिए, हमलों से प्रभावित लोगों की सहायता करना अधिक आसान बनाने के लिए हमने कड़ा परिश्रम किया है।

संकल्प और नकद के रूप में $11 मिलियन से अधिक राशि प्राप्त हुई है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि ये फंड मुआवजा, पुनर्स्थापन या पुनःप्रतिष्ठान के लिए नहीं हैं। वे एक उपहार है जो प्यार और सहयोग दर्शाता है।

गोलीबारी पर तत्काल प्रतिक्रिया में क्राइस्टचर्च फाउंडेशन ने हमारे दानदाताओं और पीड़ितों से निम्न संकल्प प्रकट किए:

1. हम अपने दानदाताओं की इच्छाओं का सम्मान करेंगे
2. हम पीड़ितों को मध्यम से लंबी अवधि का सहयोग प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे
3. इस बारे में हम पीड़ितों से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे, सर्वाधिक लाभप्रदता के लिए निधियों (फंड्स) का किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है।

इस दस्तावेज़ में इस बारे में बताया गया है कि क्राइस्टचर्च फाउंडेशन के ट्रस्टियों द्वारा किए गए अनुमोदन के अनुसार फंड कैसे वितरित किए जाएंगे, उस निर्णय के लिए हमारी प्रक्रिया क्या है और उसके बाद क्या होगा।

$11 मिलियन में से $2 मिलियन का वितरण किया गया है (सेंट जॉन के लिए दो एम्बुलेंस, प्रिंस अल्वालीद द्वारा मृतकों के परिजनों को वितरण), जिसके बाद $9 मिलियन शेष बचे हैं। इस $9 मिलियन में से, $1.5 मिलियन की राशि दानदाताओं द्वारा एक एजुकेशन फंड को, $1 मिलियन अब्राहमिक फंड को और $0.4 मिलियन की राशि गंभीर रूप से घायलों के लिए चिकित्सा सहायता फंड को आवंटित की गई है।

लिसनिंग प्रोजेक्ट

शेष $6 मिलियन की राशि का वितरण निर्धारित करने में मुस्लिम समुदाय ने महत्त्वपूर्ण मदद की। इसे सुगम बनाने के लिए, समुदाय के सदस्यों द्वारा एक सलाहकार समूह गठित करने की मूल योजना थी, जो सिफारिशें प्रदान करते, लेकिन परामर्श से यह स्पष्ट हुआ कि समुदाय अधिक प्रत्यक्ष संपर्क को वरीयता देगा। क्राइस्टचर्च सिटी के पूर्व काउंसलर रफ मांजी ने सामुदायिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने, और फंड वितरित करने के तरीके के बारे में सिफारिशें प्रदान करने के लिए फाउंडेशन के स्वतंत्र सलाहकार के रूप में भूमिका निभाई।

परामर्श मंत्रणा की शर्तें

- पीड़ितों, और व्यापक समुदायों की चिन्हित जरूरतें पूरी करने के लिए फंड के सर्वोत्तम वितरण हेतु सिफारिशें करना।
- मारे गए या गंभीर रूप से घायल (आजीवन प्रभाव के साथ) लोगों के बच्चों की दीर्घकालीन जरूरतें (शिक्षा और प्रशिक्षण पर जोर देते हुए) को पूरा किया जाना सुनिश्चित करना।
- कोई भी वितरण इस प्रकार सुनिश्चित करना कि वह पहले से ही क्राउन द्वारा कवर लागतों को कवर न करता हो।
- मुस्लिम समुदायों के विचारों को स्वीकार किया जाए और प्रस्तुत की जाने वाली किन्हीं भी सिफारिशों में सम्मिलित किया जाए।

नोट: विशिष्ट आवंटन सिफारिशों के बारे में सूचित करने और विचार हेतु मदद करने के लिए अनेक विशेषज्ञों और सलाहकारों ने रफ को मूल्यवान अतिरिक्त सहयोग प्रदान किया। अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ दो देखें।

की गई चर्चाएं

- निकट संबंधी
- गोली लगने से घायल
- गवाह
- व्यापक मुस्लिम समुदाय
- कैंटरबरी जिला स्वास्थ्य बोर्ड
- कैंटरबरी मुस्लिम एसोसिएशन
- फियांज (एफआईएएनजेड- FIANZ)
- आंतरिक मामलों का विभाग
- सामाजिक विकास मंत्रालय
- पीड़ित सहायता
- न्यूजीलैंड पुलिस
- एसीसी (ACC)
- एन-मुर (An-Mur) चाइल्डकेयर सेंटर
- EMDR (ईएमडीआर) थेरेपी समूह
- विशेषज्ञ पेशेवर सलाहकार
- नवावी (Nawawi) सेंटर
- 51 जीवन परियोजना
- बिज़नेस रिकवरी (MBIE)
- प्रधानमंत्री और कैबिनेट विभाग
- इम्मिग्रेशन न्यूजीलैंड
- अब्राहमिक फंड के लोग
- मानसिक स्वास्थ्य और पोषण प्रयोगशाला

अंतर्राष्ट्रीय बैठकें

- नेशनल ज़कात फाउंडेशन, यूके
- लंदन इमर्जेंसीज ट्रस्ट
- केंसिंग्टन और चेल्सी फाउंडेशन
- यूके नेशनल इमर्जेंसीज ट्रस्ट

समयावधि

जुलाई	अगस्त - मध्य अक्टूबर	नवम्बर के आरंभ में	मध्य नवंबर	नवम्बर के अंत में
स्वतंत्र सलाहकार और प्रक्रिया घोषणा	लिसनिंग प्रोजेक्ट परामर्श अवधि	ट्रस्टियों को सिफारिशें	अगले कदमों, और कार्यों पर निर्णय लेने के लिए ट्रस्टियों की बैठक	निर्णयों की घोषणा

THE CHRISTCHURCH FOUNDATION

The Christchurch Foundation
Level 3, BNZ Centre
101 Cashel Street, PO Box 17
Christchurch 8140, New Zealand

+64 27 620 3208
enquiries@christchurchfoundation.org.nz

सिफारिशों के आधार

- पीड़ितों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए इस दस्तावेज़ में उल्लिखित सिफारिशें परियोजना की संदर्भ शर्तों की अपेक्षाएं पूरी करती हैं, और तीन महीने की अवधि में समुदाय में आयोजित कई बातचीतों पर आधारित हैं।
- 20 नवंबर, 2019 को क्राइस्टचर्च फाउंडेशन के ट्रस्टियों की एक विशेष बैठक में इन सिफारिशों को स्वीकार किया गया था। मुख्य कार्यकारी (चीफ एक्जीक्यूटिव) को तुरंत इन सिफारिशों पर कार्रवाई शुरू करने के लिए भी कहा गया।
- वितरण निर्धारित करने और सिफारिशें तय करने के लिए परियोजना की प्रक्रिया दोहराव वाली थी। इसका अर्थ है कि उन्हीं लोगों और समूहों के साथ एक से अधिक बार (कुल 160 से अधिक वार्तालाप) बैठकें की गईं, अलग-अलग दृष्टिकोणों से मामलों पर विचार किया गया और मान्यताओं और विश्वासों का लगातार परीक्षण किया गया और प्रश्न उठाए गए। इस तरीके से सभी मामले सामने आए, उन पर खुले तौर पर चर्चा और डीबेट हुई।
- लिसनिंग प्रोजेक्ट की प्रक्रिया, वितरण और सिफारिशों में अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान और ज्ञात जानकारियों का भी उपयोग किया गया, जिसमें 2017 मैनचेस्टर एरिना बमबारी, 2017 ग्रीनफेल टॉवर में आग और 2018 में टोरंटो वैन हमले के बाद फंड वितरण से प्राप्त सबक शामिल हैं[1]। सभी शोधों से मालूम हुआ है कि संगठनों ने पीड़ितों की पहचान करने, फिर प्रभाव के अनुसार पीड़ितों को वर्गीकृत करने के एकसमान तरीके का अनुसरण किया।
- सभी शोधों और जानकारियों में पीड़ितों को निर्धारित करने या वर्गीकृत करने की चुनौतियों और इस परिभाषा को लेकर लचीलापन अपनाने की ज़रूरत पर बात की गई है। इसे मान्यता देते हुए कि प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार से प्रभावित हो सकता है, पीड़ितों की सदैव सर्वोत्तम मदद करने का लक्ष्य होता है। यह स्पष्ट था कि आश्रित बच्चों वाली विधवाओं, तथा प्रमुख और गंभीर चोटों वाले व्यक्तियों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है, दोनों समूह रिकवरी के कठिनाईभरे मार्ग पर हैं।
- सार्वजनिक वितरण दानदाताओं और आम जनता को पारदर्शिता प्रदान करते हैं, जिससे वे यह देख पाते हैं कि फंड सही जगह जा रहे हैं, लेकिन विभिन्न प्राप्तकर्ता समूहों में तनाव भी उत्पन्न कर सकते हैं। इस कारण से, प्रत्येक श्रेणी में प्रत्येक व्यक्ति को आधारभूत भुगतान सार्वजनिक होगा और लक्षित समर्थन निजी होगा। इसमें पारदर्शिता और गोपनीयता के बीच नाजुक संतुलन बनाए रखने को मान्यता दी गई और स्वीकार किया गया है।
- लक्षित समर्थन निम्न पीड़ित समूहों को फंडिंग सहायता प्रदान करेगा:
  - ऐसी विधवाएं और विधुर, हमलों के समय जिनके बच्चे 18 से कम आयु के थे
  - गंभीर रूप से घायल, जिन्हें लम्बे समय तक निःशक्त और/या लगातार समस्याग्रस्त माना गया है
  - हमलों के परिणामस्वरूप अभी भी वित्तीय कठिनाई का सामना करने वाले पीड़ितों के व्यापक समूह को वित्तीय सहायता
  - हमलों में अनाथ हुए, और गोली लगने से घायल 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए शिक्षा फंड
- एक सामुदायिक सहायता फंड उन घटनाओं और प्रयासों का अल्पकालीन वित्तपोषण (फंडिंग) करेगा जो सामुदायिक क्षमता और सामंजस्य बनाने में मदद करते हैं, युवाओं के विकास में योगदान करते हैं और सामुदायिक संगठनों और नेटवर्कों के बीच विश्वास और आपसी सहयोग स्थापित करने में मदद करते हैं। ऐसी आशा है कि केंद्र और स्थानीय सरकार, तथा अन्य वित्तपोषण (फंडिंग) संगठन, व्यापक समुदाय को लम्बे समय का सहयोग प्रदान करेंगे।

हालांकि ये फंड पीड़ितों को उनके भविष्य के लिए योजना बनाने में मदद करेंगे, फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं। आप्रवास, रोजगार, आय सहायता, आवास और मानसिक स्वास्थ्य आदि से संबंधित समस्याओं का दबाव बने रहने की संभावना है।

[1] ग्रीनफेल फायर, मैनचेस्टर एरिना, लंदन बमबारी, टोरंटो हमले से संबंधित रिपोर्टें देखें, जो www.christchurchfoundation.org/news पर उपलब्ध हैं।

THE CHRISTCHURCH FOUNDATION

The Christchurch Foundation
Level 3, BNZ Centre
101 Cashel Street, PO Box 17
Christchurch 8140, New Zealand

+64 27 620 3208
enquiries@christchurchfoundation.org.nz

वितरण के लिए धन

पीड़ितों का फंड

$7 मिलियन

› हमलों में सीधे प्रभावित हुए पीड़ितों को नकद सहायता

› पांच फंडों में विभाजनः

1. **शहीद फंड** $3.57 मिलियन: शहीद (मृतक) के प्रत्येक परिजन के लिए $70,000 यथासंभव शीघ्र ही वितरण किया जाएगा
2. **गोली से घायलों का फंड** $1 मिलियन: गोली से घायल प्रत्येक पीड़ित के लिए $25,000 यथासंभव शीघ्र ही वितरण किया जाएगा
3. **बच्चों और विधवाओं को सहायता के लिए फंड:** $1.375 मिलियन वितरित किया जाएगा
4. **चिकित्सा सहायता फंड:** गंभीर चोट वालों के लिए आवश्यकतानुसार $400,000 उपलब्ध है। वितरण चोट के वर्गीकरण के अनुसार किए जाएंगे
5. **कठिनाई (हार्डशिप) फंड:** मस्जि़द हमलों के कारण लगातार वित्तीय कठिनाईयों का अनुभव करने वालों के लिए आवश्यकतानुसार $500,000 उपलब्ध है। मस्जिदों में मौजूद होने, और वित्तीय कठिनाईयों के प्रमाण के आधार पर वितरण किए जाएंगे।

कैंटरबरी विश्वविद्यालय

शिक्षा फंड

$1.5 मिलियन

› उच्च शिक्षा, और स्कूल पश्चात प्रशिक्षण के लिए सहायता

› शहीद, और गोली से घायल हुए व्यक्तियों के बच्चों के लिए जो हमलों के समय <18 आयु के थे।

› दान और लक्षित छात्रवृत्तियों के लिए खुला रहेगा यदि अन्य योगदान करना चाहें।

वितरण, आवेदन के आधार पर किया जाएगा।

सामुदायिक सहायता फंड

$500,000

› सामुदायिक क्षमता और सहभागिता विकास में मदद करने के लिए

› युवा विकास में सहायता

› लंबी अवधि के सामुदायिक सुधार और कल्याण में सहायता

› दान के लिए खुला रहेगा, यदि अन्य योगदान करना चाहें।

THE CHRISTCHURCH FOUNDATION

The Christchurch Foundation
Level 3, BNZ Centre
101 Cashel Street, PO Box 17
Christchurch 8140, New Zealand

+64 27 620 3208
enquiries@christchurchfoundation.org.nz

लिसनिंग प्रोजेक्ट से महत्त्वपूर्ण जानकारी और सुझाव

लिसनिंग प्रोजेक्ट सभी प्रकार के मामले उठाने का एक अवसर बन गया, जो प्रायः धन के वितरण से नहीं बल्कि समुदाय में सामान्य चुनौतियों से संबंधित हैं। इसने लोगों को उनकी चिंताएं प्रकट करने के लिए एक सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया।

इस जुड़ाव से यह स्पष्ट है कि इस समुदाय का समुचित सहयोग करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है, और विशेष रूप से अगले वर्ष ट्रायल के संभावित नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए उन्हें अगले 12-15 महीनों में और भी मदद की आवश्यकता होगी।

प्रतिक्रिया को सदैव एक व्यापक और सही क्षमता वाले दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए: जैसे कि एक विशेष समुदाय पर आतंकी हमले की वास्तविकता और एक पूजा स्थल में निर्दोष लोगों को लक्ष्य बनाकर सामूहिक वध किया जाना।

नस्लवाद, भेदभाव और पूर्वाग्रहों की समस्याओं का अधिक सामना होने के साथ एकीकरण और तालमेल से संबंधित मसले सामने आए हैं। चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद इन मसलों पर, लम्बे समय की रिकवरी के तहत खुले तौर पर पर्याप्त चर्चा करनी होगी।

कुछ प्रमुख जानकारियां और सिफारिशें नीचे दी गई हैं जिन पर सार्वजनिक, निजी और स्वैच्छिक / सामुदायिक क्षेत्र में विचार किया जा सकता है और हम एक राष्ट्र के रूप में विचार कर सकते हैं कि इस हमले में बचे लोगों और व्यापक समुदाय की भविष्य में किस प्रकार सर्वोत्तम सहायता कर सकते हैं:

› सांस्कृतिक सक्षम कार्यकर्ता सभी एजेंसियों की अगली पंक्ति में होने चाहिए। अनेक वर्षों तक समुदाय से इससे बचा जाता रहा है। उसके अंतर्गत, केवल तदर्थ दुभाषिया कर्मचारी नहीं बल्कि व्यापक प्रतिक्रिया के भाग के रूप में उपयुक्त भाषा बोलने वाले उपलब्ध होने चाहिए।

› विशेष रूप से निर्णय लेने के सामूहिक तरीके और पारिवारिक आवश्यकताओं तथा इस समुदाय की अत्यधिक असुरक्षित स्थिति को ध्यान में रखते हुए इसे मान्यता दी जानी चाहिए कि एक विशिष्ट, समुदाय-केंद्रित और अनुकूलित प्रतिक्रिया आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य और ट्रामा सहायता के लिए भी इस अधिक सामूहिक दृष्टिकोण को लागू किया जाना चाहिए। इस तरह का अनुकूलित और बहु-विषयक, व्हानाउ (whānau) -केंद्रित दृष्टिकोण पहले से ही व्हानाउ ओरा (Whānau Ora) मॉडल में मौजूद हैं।

› अनाथ तथा गोली से घायल लोगों के अलावा अनेक पीड़ितों ने निरंतर ट्रामा के प्रभाव सूचित किए हैं। उपचार के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण मसला माना गया है, लेकिन व्यापक समुदाय में लम्बे समय का वास्तविक जोखिम है। हमलों के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों को ठीक करने के लिए कुछ विचारों को अधिक संरचित और दीर्घकालीन स्वरूप दिया जाना चाहिए।

› आय सहायता के लिए अनुकूलित तरीके, जैसे कि पीड़ितों के लिए 12-24 महीने तक न्यूनतम साप्ताहिक आय पर विचार किया जाना चाहिए। आय संबंधी तनाव दूर करना रिकवरी प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण भाग है, जिससे लोगों के जीवन पर कई अलग-अलग प्रभाव पड़ते हैं।

› पीड़ितों की लम्बे समय की रिकवरी और सामुदायिक कल्याण के लिए सामाजिक सामंजस्य भी महत्वपूर्ण होगा। हाल की रिपोर्टें बताती हैं कि अव्यवस्थित, खंडित और अस्वस्थ समुदायों के लिए नकारात्मक परिणामों का जोखिम अधिक रहता है। एक मजबूत लचीली और कल्याण केंद्रित सामुदायिक रूपरेखा को बढ़ावा देना एक उपयुक्त प्रतिक्रिया होगी।

› ऐसे असुरक्षित समुदाय के लिए काम करते समय सटीक जानकारी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आतंकी हमले जैसी घटना की प्रतिक्रिया में, समुचित और अनुकूलित प्रक्रियाएं निर्धारित की जानी चाहिए। प्रत्येक पीड़ित और उनके पारिवारिक संपर्कों की एक एकल केस फाइल बनाई जानी चाहिए और गोपनीयता आयुक्त (प्राइवेसी कमिश्नर) से अनुमोदन के आधार पर किसी संबंधित एजेंसी या अनुमोदित संगठन, जैसे क्राइस्टचर्च फाउंडेशन की पहुंच में होनी चाहिए।

› इस समुदाय से प्रशिक्षण और भर्ती द्वारा विविधता और समावेशन को गंभीरता से बढ़ावा देने के लिए यह समाज के सभी क्षेत्रों के लिए एक अवसर है। स्पष्ट रूप से पर्याप्त प्रतिभा और ऊर्जा मौजूद है और इसे फलने-फूलने में सक्षम बनाना महत्वपूर्ण है। प्रतिभाशाली शरणार्थियों के लिए लक्षित और गहन भाषा प्रशिक्षण, और सार्वजनिक क्षेत्र में एकीकरण को इसमें शामिल किया जा सकता है।

आगे क्या होगा

फंड वितरण

शहीद फंड: शहीदों के परिजनों की संपर्क जानकारी हमारे पास मौजूद है। शहीद फंड हेतु वितरण दिसंबर के मध्य तक किया जाना चाहिए।

गोली से घायलों के लिए फंड: गोली से घायलों की संपर्क जानकारी पहले से हमारे पास है। ईमेल करके फाउंडेशन से संपर्क करें। वितरण यथासंभव शीघ्र कराया जाएगा।

सतत सहायता और पक्षसमर्थन

क्राइस्टचर्च फाउंडेशन यह मानता है कि लिसनिंग प्रोजेक्ट पर अपने काम के माध्यम से, फाउंडेशन की ओर से रफ मांजी ने समुदाय से मजबूत, विश्वसनीय संबंध स्थापित किए हैं। इसलिए हम इसे मान्यता देते हैं कि भविष्य में जहां तक हम सोच सकते हैं, पीड़ितों और व्यापक समुदाय हेतु पक्षसमर्थन करने और सहायता करने के लिए क्राइस्टचर्च फ़ाउंडेशन की अनवरत भूमिका रहेगी। अभी वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार कार्य किया जा रहा है। रफ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए हम धन्यवाद देते हैं।



रफ मांजी

रफ मांजी दो बार क्राइस्टचर्च सिटी काउंसलर रहे हैं और वित्त समिति की अध्यक्षता की है। इस समय वे एशिया एनजेड (AsiaNZ) फाउंडेशन के ट्रस्टी और यूएन एसोसिएशन ऑफ न्यूजीलैंड कैंटरबरी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। उन्होंने वॉलंटियर आर्मी फाउंडेशन के अध्यक्ष, पिलर्स इंकॉर्पोरेटेड के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है और क्राइस्टचर्च बजट सेवाओं और शरणार्थी पुनर्वास सेवाओं में स्वैच्छिक कार्य किया है।